>

Title: Need to accord approval to the various proposals of Government of Gujarat for the development of roads in rural areas of the State.

**श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा):** आदरणीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहती हूँ कि देश में ग्राम सड़कें देश की लाइफलाइऩ कहलाती हैं। देश में ग्रामीण तबकों को सड़कों से जोड़ने वाली प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना का शुभारंभ 25 दिसम्बर 2000 को हुआ था। इसमें गुजरात में 99 रेवेन्यू गाँव और छोटे कस्बों को पक्के रास्तों से जोड़ा गया था जिसके लिए गुजरात में वर्तमान ग्रामीण रास्तों के नेटवर्क को मज़बूत करना अनिवार्य है। भारत सरकार द्वारा प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना में नए ग्रामीण रास्तों के निर्माण को अर्हता दी गई है। इस कारण गुजरात को देश के अन्य राज्यों की तुलना में बड़ी वित्तीय व्यवस्था का घाटा उठाना पड़ रहा है। गुजरात में 5000 से ज्यादा बस्ती वाले गाँवों और कस्बों को स्टेट हाइवेज़ के साथ जोड़ने वाले वर्तमान रास्तों की हालत खस्ता है। इसके तहत गुजरात सरकार द्वारा ऐसे 2202 किलोमीटर रास्तों की मजबूती के लिए 466 करोड़ रुपये की दर्ख्वास्त केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय को 5.6.2009, 15.7.2009, 15.12.2009, 18.3.2010, 16.4.2010 और 8.2.2011 को दी गई थी।

गुजरात सरकार द्वारा भारत निर्माण योजना के तहत 48 छोटे कस्बों को जोड़ने के लिए नए रास्ते बनाने की 52.71 करोड़ रूपए की दरख्वास्त दिनांक 15.10.2010 को भारत सरकार को दी थी जिसको आज तक मंजूरी मिलनी बाकी है। मेरी मांग है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत रास्तों के सुधार की दरख्वास्त मंजूर करके तुरन्त मंजूरी दी जाए। धन्यवाद।